भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2156
दिनांक 12 फरवरी, 2026

गैर-गन्ना स्रोतों से इथेनॉल का उत्पादन और पर्याप्तता

†2156. **श्री ईश्वरस्वामी के.:**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) गैर-गन्ना स्रोतों से इथेनॉल के स्रोत-वार संभावित उत्पादन का ब्यौरा क्या है; और
(ख) क्या संभावित उत्पादन देश के इथेनॉल सम्मिश्रण लक्ष्य को पूरा करने के लिए पर्याप्त है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) और (ख): सरकार ने एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के अन्तर्गत पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को प्रोत्साहित किया है। राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति 2018, वर्ष 2022 में यथासंशोधित, में अन्य बातों के साथ-साथ, पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को वर्ष 2030 से घटाकर एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2025-26 (1 नवंबर, 2025 से 31 अक्टूबर, 2026) तक कर दिया। सरकार के समन्वित प्रयासों के कारण दिसंबर 2025 में 20% का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप ईएसवाई 2013-14 में पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण 38 करोड़ लीटर से बढ़कर ईएसवाई 2024-25 में 1000 करोड़ लीटर से अधिक हो गया है।

नीति आयोग के नेतृत्व वाली अंतर-मंत्रालयी समिति द्वारा तैयार किए गए भारत में एथेनॉल मिश्रण के लिए रोडमैप 2020-25 के अनुसार, ईएसवाई 2025-26 में 20% मिश्रण के लिए एथेनॉल की आवश्यकता लगभग 1016 करोड़ लीटर होने का अनुमान है, जिसमें से लगभग 466 करोड़ लीटर गैर-चीनी आधारित स्रोतों से प्राप्त होने का अनुमान था।

तथापि, गैर-चीनी आधारित एथेनॉल उत्पादकों की वास्तविक पेशकश रोडमैप में किए गए अनुमानों से काफी अधिक रही है। चालू ईएसआई 2025-26 के लिए, तेल विपणन कम्पनियों (ओएमसी) ने पेट्रोल में मिश्रण के लिए लगभग 1050 करोड़ लीटर एथेनॉल की अधिप्राप्ति हेतु निविदाएं जारी की हैं। इसके सापेक्ष प्राप्त पात्र बोलियां कुल मिलाकर 1759 करोड़ लीटर रहीं, जो पर्याप्त रूप से अधिशेष को दर्शाती हैं।

अब तक ओएमसी द्वारा आवंटित कुल एथेनॉल में से लगभग 760 करोड़ लीटर गैर-चीनी आधारित स्रोतों से आवंटित किया गया है। यह देश में खाद्यान्न आधारित एथेनॉल उत्पादन क्षमता के तीव्र विस्तार को दर्शाता है और देश की समग्र एथेनॉल उत्पादन क्षमता पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने और बनाए रखने के लिए पर्याप्त है।

*****